








# कुक्षी में जमा भगोरिया का रंग,परंपरा और आधुनिकता का दिखा अनूठा संगम

**कुक्षी।** आदिवासी लोक संस्कृति के महापर्व भगोरिया का उत्साह कुक्षी में अपने चरम पर नजर आया। ग्रामीण अंचलों से आए हजारों आदिवासी युवक-युवतियों, महिलाओं और बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर शिरकत की। ढोल-मांदल की गूंज और आधुनिकता के संगम के बीच पूरा क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के लोग भगोरिया की मस्ती में सराबोर दिखाई दिए.

मार्केटिंग सोसायटी ग्राउंड आयोजित मेले में जहां एक ओर पारंपरिक रीति-रिवाजों की झलक दिखी, वहीं आधुनिकता का रंग भी हावी रहा। आदिवासी युवक-युवतियां रंग-बिरंगी वेशभूषा और चांदी के गहनों में सजे नजर आए, तो दूसरी ओर युवाओं में सेल्फी लेने का जबरदस्त क्रेज देखा गया। झूलों और हाट-बाजार में दिनभर भारी भी? बनी रही। इस अवसर पर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रमुख दलों ने अपनी सांस्कृतिक और राजनीतिक उपस्थिति दर्ज की.नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेलम चौहान ने ढोल मांदल दल को पुरस्कृत किया.वही कांग्रेस नेता अर्जुन बघेल डीजे और ढोल-मांदल की थाप पर नाचते-झूमते कार्यकर्ता के साथ मेला ग्राउंड पहुंचे और पारंपरिक

चुस्त-दुरुस्त पुलिस प्रशासन के साथ एसडीओपी सुनील गुप्ता,थाना प्रभारी राजेश यादव,नगर सुरक्षा समिति प्रमुख डॉ.निर्मल पाटीदार आदि सदस्य मेले में नशे से दुरी है जरूरी के बैनर के साथ जागरूकता संदेश देते हुए व्यवस्थाओं संभाले नजर आये.शाम ढलते-ढलते ग्रामीणों की टोलियां अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई, लेकिन भगोरिया की मस्ती और यादें उनके चेहरों पर साफ झलक रही थीं।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान जिला स्तरीय कार्यशाला कल



**धार।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-26 के अंतर्गत 28 फरवरी शनिवार को सुबह 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय धार में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने बताया की कार्यशाला में केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी संभागीय सह-प्रशिक्षण प्रभारी जिला प्रशिक्षण प्रभारी समेत वरिष्ठ नेताओं का निर्धारित विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला में अपेक्षित श्रेणियां बनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से सांसद विधायक संगठन संभाग प्रभारी, भाजपा जिला प्रभारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी,प्रशिक्षण जिला टोली, मंडल अध्यक्ष मोर्चा जिला अध्यक्ष महामंत्री प्रकोष्ठ जिला संयोजक एवं प्रशिक्षण टोली के दायित्ववान कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# दुलीचंद राठौड़ समाज अध्यक्ष मनोनीत युवा राठौड़ समाज के अध्यक्ष जितेंद्र

## *कार्यकारिणी का किया गठन*






**बाग।** नगर के क्षत्रिय सकल पंच राठौड़ समाज के द्वारा एक बैठक आयोजित रखी गई। जिसमें समाज के सर्वजन उपस्थित हुए,बैठक में गतवर्ष के महोत्सव का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया एवं राठौड़ समाज के अध्यक्ष भगवान राठौड़ द्वारा अपना शानदार कार्यकाल पूर्ण होने पर स्वेच्छा से अध्यक्ष पद से त्याग पत्र देकर पिछली कार्यसमिति भंग करते हुए नविन समाज अध्यक्ष सर्वसम्मति से बनाने का आग्रह समाज बंधुओ के समक्ष किया। नवीन अध्यक्ष पद के लिए उपस्थित समाजसेवी के बीच वर्तमान युवा समाज अध्यक्ष गोपाल राठौड़ ने दुलीचंद सकाराम राठौड़ का नाम प्रस्तावित किया एवं सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता से शिखर तक ले जाने वाले महेश राठौड़ सर ने दुलीचंद राठौर के नाम का समर्थन किया ।

इस क्रम मे पूर्व राठौड समाज अध्यक्ष भगवान राठौड को समाज संरक्षक का दाईत्व सोपा गया। वही कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष डां विवेक राठौड़ व पवन राठौड़ कोषाध्यक्ष आयुष राठौड़ सचिव महेश सर राठौड़ सह सचिव संतोष राठौड़ कार्य करने में गोपाल राठौड़ त्रिलोक राठौड विपिन राठौड़ नारायण राठौड़ गोविंद राठौड़ को लिया गया ।

युवा राठौड़ समाज अध्यक्ष के नाम पर जितेंद्र मोतीलाल राठौड को अध्यक्ष मनोनीत किया गया ।इस मनोनयन पर समाजबंधु महेश राठौड विपिन राठौड सुनील राठौड कमलेश राठौड कन्हैया राठौड लखन राठौड द्वारा बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना कि गई।

# श्री शांतिनाथ प्रभु मंत्र लेखन पुस्तिका का किया विमोचन




**कुक्षी।** नगर के त्रिस्तुतिक जैन श्री संघ में भक्ति और धर्म प्रभावना का अनुपम संगम देखने को मिला। प्रति रविवार आयोजित होने वाले सामूहिक नवकार जाप के पावन अवसर पर, जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर परमात्मा श्री शांतिनाथ प्रभु के %मंत्र लेखन पुस्तिका% का गरिमामय विमोचन जैन श्री संघ के अध्यक्ष व संघ रत्न श्री मनोहरलालजी पुराणिक, परिषद के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री श्री रमेश धाडीवाल एवं श्री राजमलजी उकावत के कर-कमलों से संपन्न हुआ।समारोह को संबोधित करते हुए श्री पुराणिक और श्री धाडीवाल ने %मंत्र लेखन% के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पुस्तिका प्रत्येक परिवार में वितरित की जाएगी, जिसमें श्रद्धालुओं को प्रतिदिन श्रद्धापूर्वक 108 मंत्रों का लेखन करना होगा। यह साधना मन की शांति और एकाग्रता के लिए लाभकारी है।

इस मंत्र लेखन अभियान का समापन 25 जून को कुक्षी में आयोजित होने वाले %दादा शांतिनाथ प्रभु% के नूतन मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर होगा।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी साधार्मिक भाइयों-बहनों को साधना हेतु पुस्तिकाएं वितरित की गई।इस पुस्तिका का प्रकाशन कुक्षी के सुश्रावक बाबूलाल सौभागमलजी जैन परिवार द्वारा किया गया है। इस दौरान श्री विजय जैन, बाबूलाल जैन, सुरेश जैन सहित संघ के ट्रस्टी और ब?ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थे।संस्थान के संचालक श्री जिनेंद्र जैन व परिवार के सदस्यों ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन रविंद्र जैन नें किया

## एक नजर में

### आदिवासी आजाद पब्लिक स्कूल के बच्चों को कापी पैन वितरण की



**बाग।** नगर में संचालित हो रही निजी आदिवासी आजाद पब्लिक स्कूल गरीब ग्रामीण बच्चों को कम शुल्क में शिक्षा दी जाती है, वहां बच्चों में इतना टेलेंट हे कि बच्चे इंग्लिश भी फर्राटे से बोलते नजर आए ।चित्रकला डांस वगेहरा में भी पिछे नहीं है ।वहां के संचालक और शिक्षकों कि कड़ी मेहनत से बेहतर शिक्षा बच्चों को मील रही है ।उनके इस टेलेंट को देखते हुए बाग की बेटी आर्टिकल लेखिका क्रिया निलेश सेकेट्री एवं पत्रकार शहजाद खान भारती द्वारा मंगलवार को संस्था में पहुंचकर बच्चों की पढ़ाई का जायजा लिया तो बच्चे बहुत ही सरल तरीके से अपना हुनर दिखाने लगे ।जिन्हें कापी पेन एवं चाकलेट देकर सभी बच्चों का होंसला बढ़ाया गया ।जिसे पाकर बच्चे बड़े खुश हुए और उनकी खुशी का ठीकाना नहीं रहा ।इस दौरान क्रिया निलेश सेकेट्री ने बच्चों को समझाते हुए कहा की अभी आपकी उम्र पढ़ाई की हे अधिकतर शिक्षा पर ध्यान देकर अपना भविष्य सुधारे क्योंकी अभी एक बीमारी बच्चों में भयंकर चल रही है मोबाईल की लत की खेर आपके पास तो अभी मोबाईल अलाउट नहीं है उसके बाद भी आगे चलकर इसकी लत अपने जीवन में नहीं आने दे ।हलकि मोबाईल अच्छा भी हे अगर उसे सही तरीके से यूज किया जाए तो ओर अगर ग़लत तरीके से यूज करोगे तो ग़लत ही होगा इसलिए इससे जहां तक हो दूरी ही बनाकर रखें मुझसे भी मेरा मोबाईल नहीं छूटता हे फिर भी में उसे उतना ही यूज करती हूं जितना जरुरत है ।आप अभी अच्छे से पढ़ाई में मन लगाएं अपने माता पिता और शिक्षकों की मेहनत का सपना साकार करें ।इस दौरान संस्था की संचालक मनीषा मेम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था

### शिविर में 540 अग्रवाल बंधुओं ने कराई जांच

**इंदौर.** बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में रविवार को अन्नपूर्णा मंदिर पर आयोजित पहले स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क जांच शिविर का शुभारंभ आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरी महाराज एवं आश्रम के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरी महाराज के सानिध्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, पवन सिंघानिया मोयरा, विष्णु बिंदल, जगदीश बाबाश्री, गणेश गोयल, श्याम सिंघल, डॉ. विनिता कोठारी एवं विधायक मधु वर्मा के विशेष आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. शिविर में डॉ. विनिता कोठारी के मार्गदर्शन में 20 चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के सदस्यों ने सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 540 बंधुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनकी सभी तरह की मेडिकल जांचे भी की. शिविर संयोजक किशोर गोयल, अरविन्द वेल्यूअर, शीतल तोडीवाला एवं शरद कदम ने बताया कि अन्नपूर्णा अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ, अग्र दया, अग्र मिलन सहित अन्नपूर्णा क्षेत्र के विभिन्न अग्रवाल संगठनों की ओर से संजय गोयनका, विष्णु गोयल, गोपाल गोयल, गोपाल अग्रवाल 999, तृप्ति गोयल ने सभी मेहमानों की अगवानी की. इस मौके पर अभियान के सूत्रधार विनोद अग्रवाल ने कहा कि हमारा लक्ष्य यही है कि सभी समाज बंधु स्वस्थ और निरोगी रहकर परिवार, समाज एवं राष्ट्र की सेवा में हमेशा जुटे रहें. यह अभियान इसी लक्ष्य से शुरू किया गया है.

### उद्यमी श्रेष्ठा सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

**इंदौर.** उद्यमी श्रेष्ठा गोयल सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया द्य श्रेष्ठा गोयल सक्सेसफुल बिजनेस वूमेन होने के साथ एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश की वुमन विंग की अध्यक्ष भी हैं, SWAI वूमेन इंडस्ट्रियल एसोसिएशनकी फाउंडर भी है। महिला आर्थिक सशक्तिकरण पर बहुत लंबे समय से काम कर रही है इस कार्य हेतु उन्हें कई राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है द्य अब माननीय शंकर लालवानी जी की टीम में रहकर उद्योगों से जुड़ी हुई महिलाओं और उनकी समस्याओं पर विशेष तौर पर और इंदौर में बनने वाले महिला औद्योगिक क्लस्टर के लिए भी सांसद जी के गाइडेंस में काम करेंगे.



# सीमेंट से भरा ट्राला मकान सामने पलटा कार हुई क्षतिग्रस्त, कोई जनहानि नहीं

**बाकानेर।** बीती रात मनावर खलघाट रोड पर खलघाट की ओर जा रहे सीमेंट से भरा ट्राला क्रमांकऋ्छ 09- त्रष्ठ 8522पलटी खा गया जिससे घर के सामने बने हुए पोटाले और दुकान की शटर क्षतिग्रस्त हुई साथ ही घर के सामने खड़ी हुई कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई रहवासियों ने ड्राइवर को बाहर निकाला ड्राइवर को मामूली खरोच आई आधी रात को हुए हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई अगर दिन में यह हादसा होता तो बड़ी जनहानि हो सकती थी। ग्राम वासियों ने बताया कि आए दिन सैकड़ो सीमेंट के ट्राले इस मार्ग से गुजर रहे हैं जिनकी गति अनियंत्रित रहती है इस मार्ग पर कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सांदीपनि हायर सेकेंडरी स्कूल हॉस्टल निजी स्कूल अस्पताल होने के कारण हादसों का भय बना रहता है ग्राम वासियो ने वाहनों की गति नियंत्रित हेतु गति अवरोधक बनाने की मांग की है पूर्व में भी तेज गति वाहनों कारण हादसे हुए हैं और कुछ लोगों ने अपनी जान भी गवाई है।

## यातायात व्यवस्था में सुधार हो

अगर गति अवरोधक सड़क पर लगाए जाते हैं तो वाहनों की गति पर नियंत्रित होगा साथ ही हादसों में कमी आएगी।जानकारी के अनुसार कुछ ट्राले वाले अपने स्थान पर जल्दी पहुंचने के चक्कर में वाहन को तेज गति में चलते हैं एवं कुछ ड्राइवर नशे में वाहन चलाते हैं जिसके कारण हादसे हो रहे हैं ।अगर इसी तरह वाहनों की संख्या बढ़ती रही तो बाकानेर बाईपास रोड़ बनाने की आवश्यकता होगी।लोगों ने मांग की है की समय रहते बाकानेर बाईपास रोड शासन ने बनाना चाहिए जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

# आजीविका भवन में रोजगार मेला

- 112 युवाओं का पंजीयन
- 6 निजी कंपनीयों ने 64 आवेदको का प्रारंभिक रुप से चयन किया






**बाग। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विकासखंड बाग जिला धार एवं जिला रोजगार कार्यालय धार द्वारा जिला रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 112 बालक एवं बालिकाओं का पंजीयन किया गया एवं रोजगार मेले में 06 निजी कंपनियों ने भाग लिया तथा 6 निजी कंपनियों ने 64 आवेदकों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया।**

**रोजगार मेले में 6 अलग अलग कम्पनियां आई थी जिसमें न्यू झील फैशन वेअरपूट लटड, प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड पीथमपुर, मराल ओवरसीज लिमिटेड खलघाट, बीमा पालिसी, केरियर काउंसलिंग कंपनी, परम कौशल कालेज सरदापुर, इनके द्वारा युवक युवतियों को कार्य के सबंधित विस्तार से समझाया भी गया इसमें खास कर के बीमा सखी भर्ती के लिए विशेष अभियान था ।**

पंजीयनकर्ता ने अपनी इच्छा भी जताई कंपनियों में जाने की ओर अपने परिवार से कोई इच्छुक हो तो उन्हें भी पात्रता रहेगी ।यह रोजगार मेला दोपहर तीन बजे तक चलता रहा रोजगार मेले में जिला प्रबंधक श्रीमती सरोज पाटीदार भी उपस्थित होकर मेले संबंधित विशेष जानकारी दी । दिनेश डोडिया ब्लाक प्रबंधक, सिमा चौहान सह प्रबंधक,सुनील परमार सह प्रबंधक ,ठाकूर सहाब सह प्रबंधक,नाज़नीन शाह,अनीता सोलंकी, मुस्कान सोलंकी,निरज बृजवासी राकेश कम्प्यूटर आपरेटर आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## एक नजर

**भारतीय जनता पार्टी की पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जिला कार्यशाला**

# प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को गढ़ने का करता है काम : अनंत पंवार



**मनावर । भारतीय जनता पार्टी द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन भाजपा धार ग्रामीण जिला कार्यालय में चंचल पाटीदार की अध्यक्षता में किया गया। यह आयोजन सहकारिता प्रकोष्ठ सहसंयोजक प्रशिक्षण महाअभियान टोली सदस्य अनंत पवार , प्रशिक्षण अभियान संभाग प्रभारी दिलीप पाटोदिया, जिला प्रभारी राधेश्याम यादव, प्रशिक्षण अभियान जिला प्रभारी विनोद शर्मा , विधानसभा प्रत्याशी शिवराम कन्नौज के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।**

जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर सह प्रभारी अंकित शुक्ला ने बताया कि उक्त जिला कार्यशाला विभिन्न विषयों के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम से पूर्व सभी कार्यकर्ताओं का पंजीयन किया गया। कार्यशाला में सर्वप्रथम भारत माता व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र का पूजन कर दीप प्रज्वलन के साथ प्रथम सत्र का शुभारंभ किया गया।

*प्रशिक्षण कार्यकर्ताओ को अनुशाषित बनाता है* - अनंत पंवार ने पार्टी की रीति नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ही एक मात्र ऐसी पार्टी है, जो समय-समय पर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर लगाकर उन्हें प्रशिक्षित करती है। आगे उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ताओ के लिए जरूरी है। जिससे कार्यकर्ताओ को ग?ने का कार्य किया जाता है।एक अनुशाषित कार्यकर्ता के लिए प्रशिक्षण वर्ग जरूरी है। आगे उन्होंने भाजपा की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। संभागीय प्रभारी दिलीप पटोदीया ने संगठन के मण्डल वर्ग पर विस्तृत चर्चा की।इसके साथ ही उन्होंने मंडल में होने वाले प्रशिक्षण वर्गों की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया।

*प्रशिक्षण शिविर को मण्डल एवं बूथ स्तर तक उतारा जाएगा*- चंचल पाटीदार ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन मे कहा कि इस प्रशिक्षण अभियान को मण्डल एवं बूथ स्तर तक उतारा जाएगा।प्रत्येक मण्डल में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। जिसमें मंडल के पदाधिकारी के साथ-साथ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व जिले व क्षेत्र के समस्त भाजपा पदाधिकारी सम्मिलित होंगे।

*पंच परिवर्तन का उद्देश्य भारत को मजबूत, समृद्ध व आत्मनिर्भर बनाना है।- राधेश्याम यादव* वही दूसरे सत्र में विशेष अतिथि रहे जिला प्रभारी राधेश्याम यादव ने पंच परिवर्तन पर अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि पंच परिवर्तन एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य समाज में व्यापक परिवर्तन लाना है। जिसका लक्ष्य भारत को एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाना है। पंच परिवर्तन के पांच मुख्य पहलू हैं। जिसमे पहला सामाजिक समरसता, दूसरा कुटुंब प्रबोधन, तीसरा पर्यावरण संरक्षण, चौथा स्वदेशी तथा पांचवा नागरिक कर्तव्य।

### इन्होंने भी किया सम्बोधित

अभियान जिला संयोजक विनोद शर्मा ने पीपीटी के माध्यम से कार्यशाला में संगठन के पदाधिकारी का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में जिला मंत्री उत्तराजी विश्वास व जिला सहकोषाध्यक्ष पिंकी वास्केल ने सम्पूर्ण वंदेमातरम का गायन किया वर्ग गीत आशुतोष सोनी तथा समापन पर राष्ट्रगान जनगणमन गान की प्रस्तुति उत्तराजी विश्वास द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण सह प्रभारी ओम प्रकाश पाटीदार ने किया। आभार भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र मेरती ने माना।

**मंचासीन अतिथि**--इस अवसर पर पूर्व सहकारिता प्रकोष्ठ सहसंयोजक प्रशिक्षण महाअभियान टोली सदस्य अनंत पवार , प्रशिक्षण अभियान संभाग प्रभारी , दिलीप पाटोदिया, जिला प्रभारी राधेश्याम यादव, प्रशिक्षण अभियान जिला प्रभारी विनोद शर्मा , भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार रहे।